जनपद अल्मोड़ा के नव निर्मित अनावासीय पशु सेवा केंद्र भवन का लोकार्पण

दिनांक 17 अगस्त 2020 को पशु सेवा केंद्र, बसंतपुर बडयार बिष्ट, विकासखंड लमगड़ा, जनपद अल्मोड़ा के नव निर्मित अनावासीय भवन का लोकार्पण मा० मंत्री, पशुपालन, मत्स्य एवं बालविकास श्रीमती रेखा आर्या जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मा० मंत्री जी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। नवनिर्मित पशु सेवा केंद्र के खुलने से क्षेत्र के कई ग्रामों के पशुपालक लाभान्वित होंगे व पशुपालन से सम्बब्धित समस्याओं से काफ़ी हद तक निजात मिल पायेगी. उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक मा. गोविन्द सिंह कुंजवाल जी द्वारा की गयी. उक्त कार्यक्रम में भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष–अल्मोड़ा मा. रवि रौतेला जी, ब्लॉक प्रमुख लमगड़ा, ग्राम प्रधान इत्यादि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। नवनिर्मित भवन का उदघाटन समारोह कार्यक्रम मुख्य पशुचकित्साधिकारी अल्मोड़ा डॉ. रविंद्र चन्द्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।
उक्त कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, अल्मोड़ा से डॉ रचना टम्टा, डॉ मोनिका जोशी, डॉ सुनील उपाध्याय, पशुधन प्रसार अधिकारी श्री रविंद्र सिंह राणा, श्री ललित भाकुनी इत्यादि ने योगदान दिया.. ग्रामीण निर्माण विभाग से अधिशासी अभियन्ता इं. नितिन पाण्डेय, इं.एन.सी. मुंगली, इं.वाई.के. भट्ट इत्यादि उपस्थित रहे।